हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

11 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करने की मांग



11 नगूरां में तालाब सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 97 लाख



## खबर संक्षेप

### हांसी ब्रांच नहर में गिर कर व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव रामराये के निकट हांसी ब्राच नहर में गिर कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

गांव रामराये निवासी मुकेश (44) का शव मंगलवार को गांव के निकट से गुजर रही हांसी ब्राच नहर में पड़ा देखा गया।

### अवैध देशी रिवॉल्वर व एक कारतूस बरामद

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा से अवैध असला अमुनेशन सप्लायर सहित दो आरोपियों को काबु कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में एसआई मुकेश कुमार की टीम सायंकालीन गश्त दौरान पूंडरी क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी।

### महिला का बैग काट सोने की कंठी चुराई

**जींद।** मेन बाजार में महिला के बैग को व्यक्ति ने काट कर सोने की कंठी को निकाल लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा कालोनी निवासी रिषीकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस दोपहर को उसकी मां गुड्डी देवी बाजार में ज्वैलर्स के यहां से सोने की कंठी को बैग में डाल कर घर की तरफ लौट रही थी।

### अवैध असला अमुनेशन सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना ढांड क्षेत्र से अवैध असला अमुनेशन सहित आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से 32 बोर देशी पिस्तौल, 2 मैगजीन व 19 कारतूस बरामद हुए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ढांड प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील की अगुवाई में एचसी नरेंद्र कुमार व एएसआई भान सिंह की टीम गश्त दौरान कुरुक्षेत्र से ढांड रोड़ पर गांव डीडवाना में मौजूद थी।

### रंजिशन हमला करने पर आठ के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव खरकरामजी में रंजिशन युवक पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जुलानी निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव खरकरामजी गया हुआ था। दौरान खरकरामजी निवासी साहिल व उसके दोस्तों ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### हत्या का प्रयास करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने आपरेशन हाटस्पाट डोमिनेशन के तहत हत्या का प्रयास करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए प्रभारी सुखेदव सिंह ने बताया कि गत 20 दिसंबर को नरवाना की इंदिरा कालोनी निवासी बिट्टू पर जानलेवा हमला किया था।

### अवैध शराब समेत आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए एक आरोपित को काबू किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 13 बोतल देशी शराब बरामद हुई। उचाना थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि पुलिस ने नई अनाज मंडी उचाना कलां के गेट के पास उझाना निवासी बलराज को काबू किया।

### कैथलः सीनियर डिस्ट्रिक नेटबॉल चैंपियनशिप 24 से

**कैथल।** हरियाणा नेटबॉल एसो.के उपाध्यक्ष एवं नेटबॉल एसो ऑफ डिस्ट्रिक अध्यक्ष अशोक सहारन ने बताया कि 19वीं हरियाणा सीनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा खेल विवि राई, सोनीपत में 26 से 28 दिसंबर को किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में कैथल की पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी।

### जगत गुरु ब्रह्मानंद जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सीएम ने किया संबोधित

# मुख्यमंत्री ने कई विकास परियोजनाओं की दी सौगात


### गुरु जी का जीवन मानवता और समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोतः नवीन जिंदल

**जगद् गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थेः सैनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड/कैथल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि जगद् गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। नायब सिंह सैनी मंगलवार को कैथल जिले के गांव चुहड़ माजरा में हरियाणा सरकार द्वारा जगत गुरु ब्रह्मानंद जी जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गांव चुहड़ माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने की आधिकारिक घोषणा की। साथ ही उन्होंने कई बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा कर विकास का पिटारा खोल दिया। समारोह में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा, महीपाल ढांडा, राव नरबीर सिंह, सांसद नवीन जिंदल एवं विधायक सतपाल जांबा सहित, राम कुमार कश्यप, योगेंद्र राणा, भगवानदास कबीरपंथी अन्य विधायकगण व पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव चुहड़ माजरा में पहुंचने पर सबसे पहले गांव में गुरु ब्रह्मानंद मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से गुरु ब्रह्मानंद जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अपने संदेश में महान संत स्वामी ब्रह्मानंद जी को नमन करते हुए कहा कि गुरु ब्रह्मानंद ने समाज को ज्ञान, भक्ति और समरसता का मार्ग दिखाया था। सादा जीवन उच्च विचार उनके मुख्य संस्कार थे। उनका जन्म वर्ष 1908 में हरियाणा के कैथल जिले के चुहड़ माजरा गांव में एक साधारण रोड परिवार में हुआ। बचपन से ही ईश्वर-भक्ति का गहरा रुझान, अध्यात्म के प्रति जिज्ञासा और परमात्मा की खोज की धुन उन्हें अलग पहचान देती थी। उन्होंने अपना जीवन, कर्म, ज्ञान व तपस्या मानवता के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। स्वामी जी का आर्य समाज में गहरा विश्वास था। वे एकेश्वरवाद, ओंकार और निराकार ईश्वर की उपासना का संदेश देते थे। उनका कहना था कि ईश्वर सबका है, सबके लिए है और मानवमात्र की सेवा ही सच्ची ईश्वर-भक्ति है। उनका जीवन इस सत्य का ज्वलंत उदाहरण था। जब समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित तमाम सुविधाओं का अभाव था और समाज को रूढिवादिता ने घेरा हुआ था, उस समय में गुरु ब्रह्मानंद ने अपनी वाणी, कलम और अपने कर्म से समाज में जागरूकता की नई अलख जगाई। उन्होंने उस समय में ग्रामीण क्षेत्रों और विशेषकर महिलाओं में शिक्षा प्रसार को अपना ध्येय बनाया।





कैथल। गांव चूहडमाजरा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए। फोटो :हरिभूमि

**सांसद नवीन ने दी शुभकामनाएं**

सांसद नवीन जिंदल ने गांव चुहड माजरा की पावन धरा पर गुरु ब्रह्मानंद जी को नमन करने के साथ-साथ गुरु जी के जन्मोत्सव पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सभी वर्गों के लिए महापुरुषों की जयंतियां सरकारी स्तर पर मनाने का जो फैसला लिया है, वह काफी सराहनीय है। गुरु जी का जीवन मानवता और समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने जन मानस को तपस्या से समृद्ध किया।

**संत महात्मा सबके : गंगवा**

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि संत महात्मा किसी एक धर्म के नहीं बल्कि वे सर्व समाज के होते हैं। गुरु ब्रह्मानंद जी ने हमें सत्य एवं साधना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सदैव आपसी भाईचारा और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान कि वे गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चल कर उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ाएं। तप, त्याग, साधना का रहा गुरु ब्रह्मानंद का जीवन : महिपाल ढांडा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी का जीवन तप, त्याग, साधना का रहा है। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण करने के लिए प्रेरित किया है।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर विधायक योगेंद्र राणा, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, भगवान दास कबीर पंथी, बलकार सिंह, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, वेदपाल एडवोकेट, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व विधायक लीला राम, कुलवंत बाजीगर, रणधीर गोलन, मक्खन सिंह, तेजवीर सिंह, सुल्तान सिंह जडौला, कलीराम पटवारी, कर्मबीर कौल, विरेंद्र मराठा, सरपंच कविता देवी, ऋषि पाल मथाना, देवेंद्र कल्याण, साध्वी दर्शना देवी, महंत संजीवानंद, साध्वी देव अभिलाषा, डा. कुलदीप सैनी, डीसी अपराजिता, एसपी उपासना आदि मौजूद रहे।

**संत परंपरा को दिया जा रहा सम्मान**

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि सरकार द्वारा संत परंपरा को सम्मान देना यह दर्शाता है कि हरियाणा केवल विकास की नहीं, संस्कारों की भी धरती है। गुरू जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति दिखावे में नहीं, सेवा में होती है। अगर हम किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सके, तो वही सबसे बड़ा सत्संग है।

# बद्दोवाला टोल प्लाजा के पास कबड्डी खिलाड़ियों पर चाकू से किया हमला

**कार के निकट आधा दर्जन युवक शराब पी रहे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बद्दोवाला टोल प्लाजा के निकट कबड्डी खेल कर कार से लौट रहे खिलाडिय़ो पर अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें तीन खिलाड़ी घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नगूरां निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त गांव जाखोली निवासी विकास तथा राजपुरा भैण निवासी आशीष के साथ कबड्डी खेलने गांव सुरेवाला गया हुआ था। तीनों रात को कार में सवार होकर नरवाना आ रहे थे। गांव बद्दोवाला टोल प्लाज के निकट वे शौच करने के लिए रूक गए। कार के निकट ही आधा दर्जन युवक शराब पी रहे थे। उनकी युवकों के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर युवकों ने चाकू तथा डंडों से हमला कर दिया। जिसमें चाकू लगने से विकास तथा आशीष घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मोहित की शिकायत पर अज्ञात आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# ऑनलाइन स्थानांतरण नीति के विरोध में नारेबाजी

**चेतावनी, नीति वापस नहीं ली तो संघर्ष तेज होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

राजीव गांधी विद्युत सदन के प्रागंण में ऑनलाइन स्थानांतरण नीति के विरोध स्वरूप एचएसईबी वर्कर यूनियन की राज्य कार्यकारिणी के आवाहन पर हरियाणा सरकार व एसीएस पावर यूएचबीवीएन के तानाशाही रवैये के विरोध स्वरूप सर्कल स्तर पर 2 घंटे की गेट मिटिग की गई जिसकी अध्यक्षता कैथल सर्कल सचिव व राज्य प्रधान इकबाल चन्दाना व गेट मीटिंग का संचालन सयुक्त रूप से तीनों यूनिटों के सचिव जिसमें कैथल यूनिट सचिव राजबीर जे.ई व पुण्डरी यूनिट सचिव राममेहर व गुहला यूनिट के सचिव रणजीत सिंह ने किया। जिसमें भारी सख्या में लगभग 900 कर्मचारियों ने भाग लिया व हरियाणा सरकार व एसीएस पावर यूएचबीवीएन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा कैथल सर्कल सचिव व राज्य प्रधान इकबाल चन्दाना व गुहला यूनिट प्रधान अनिल अलेवा, पुण्डरी यूनिट प्रधान जितेन्द्र बाकल, कैथल यूनिट प्रधान ओमप्रकाश चन्दाना द्वारा ने कडे शब्दो में विरोध किया व भविष्य में ऑनलाइन स्थानांतरण नीति के तकनीकि कर्मचारियों पर इसके प्रतिकुल प्रभावों से कर्मचारीओं को अवगत करवाया। जिसमें खासकर तकनीकि कर्मचारीयों की ऑनलाइन स्थानांतरण नीति से निगम में दुर्घटना रेसो बढने व सभी कर्मचारियों जैसे एलडीसी/यू डीसी की कार्यक्षमता पर भी इसका प्रतिकुल असर पडेगा। तथा सभी कर्मचारियो को जागरूक किया जब तक ऑनलाइन स्थानांतरण नीति रद्द या यूनियन वार्ता समिति अनुसार इस पोलसी को कर्मचारियों के अनुकूल संशोधित नही किया जाता तब तक संगठन इसका पूर जोरविरोध करेगा व यूनियन आगे बडे आन्दोलन के लिए मजबूर होगी।



पूंडरी। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### घने कोहरे में सावधानी से चलाएं वाहन : डीसी

**जींद।** हरियाणा सरकार ने आमजन सहित पशुओं को सर्दी व शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की हुई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी की पूर्ण रूप से पालना करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। सर्दी से बचाव के लिए आमजन अपने पास पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा का प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें।

# सुबह घनी धुंध तथा कोहरे ने रोकी रफ्तार

- यातायात तथा जनजीवन पर देखने को मिला घनी धुंध का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कडाके की ठंड का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को सुबह के समय घनी धुंध और कोहरे ने वाहनों की रफ्तार को धीमा किया। ग्रामीण आंचाल में सदृश्यता शून्य रही तो शहरी इलाकों में पांच मीटर तक सिमट गई। दोपहर बाद गुनगुनी धूप खिलने से धुंध तथा ठंड से थोड़ी राहत मिली। पूरा दिन सूर्य देवता ने दर्शन दिए। हालांकि पहाडों की तरफ से चली ठंडी हवा से दिनभर कंपकंपी छुटती रही। लोगों को ठंड को बचने के लिए अलाव जला कर सेकते देखे गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान में दो डिग्री वृद्धि हुई और 22 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान आठ डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 89 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मंगलवार को दिन का आगाज घनी धुंध तथा कडाके की ठंड के साथ हुआ। घनी धुंध से ग्रामीण आंचल में सुबह के समय सदृश्यता शून्य रही। शहरी इलाकों में यह पांच मीटर तक सिमट गई। यातायात के साधन एक दूसरे के पीछे लाइट जला कर रेंगते देखे गए। जो अपने निर्धारित स्थानों पर देरी से पहुंचे। जिसका जनजीवन पर भी काफी असर देखने को मिला। लोग देरी से घरों से बाहर निकले। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव को सेकते देखे गए। दोपहर बाद गुनगुनी धूप भी निकली लेकिन ठंड से राहत नही मिली। पूरा दिन लोगों ने बाहर खुले में बैठ कर धूप का आनंद लिया।



जींद। सुबह के समय छाई धुंध के बीच लाइट जला कर गुजरते हुए वाहन।

**तापमान में वृद्धि जारी**

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील बना हुआ है। ठंड के साथ धुंध भी देखने को मिल रही है। मंगलवार को धूप निकलने से तापमान में वृद्धि हुई है। किसान अपनी फसलों पर नजर बनाए रखें। बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर कृषि विशेषज्ञों से संपर्क करें।



राजौंद। सुबह धनी धुंध के कारण लाइट जला कर चलते वाहन चालक।

**धुंध ने लगाया वाहनों के पहियों पर ब्रेक**

**राजौंद।** पिछले चार दिनों बाद धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली, सबसे ज्यादा सुविधा महिलाओं को हुई, महिलाओं ने बताया कि पिछले लगातार चार-पांच दिनों से धूप नहीं निकल रही थी,जिससे उनको कपड़े सुखाने को लेकर बहुत मुश्किल उठानी पड़ रही थी। मंगलवार को जैसे ही 10 बजे के आसपास धूप निकली तो उन्हें कपड़े सुखाने में काफी राहत मिली। उधर दुकानदारों व आम जनों ने कहा कि मंगलवार को धूप निकलने के बाद हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से काफी राहत मिली है हालांकि शाम को फिर सर्दी हो गई। लेकिन दिन में निकली धूप से लोगों को काफी राहत मिली है। बता दें कि सुबह 10 बजे तक भी घने कोहरे के कारण मार्गो पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था और वाहन बिल्कुल धीमी गति से निकल रहे थे। लेकिन जैसे ही सूर्य देव के दर्शन लोगों को हुए और धूप निकलने से सबको सुकून मिला।

### अस्पताल में बढ़ी तीस से चालीस प्रतिशत छोटे बच्चों की ओपीडी की संख्या

# कड़ाके की ठंड नवजात बच्चों पर पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तापमान में लगातार गिरावट का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल सहित निजी अस्पतालों की बाल रोग ओपीडी में सर्दी, जुखाम, खांसी, बुखार और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित बाल रोग ओपीडी बढ़ी है। जिसके कारण बच्चों की ओपीडी दोगुनी हो गई है। अस्पताल में रोज 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक बच्चे सर्दी से जुड़ी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। इनमें कई मामलों में निमोनिया और सांस की नली में संक्रमण की शिकायत भी सामने आ रही हैं। समय पर इलाज न मिलने पर बीमारी गंभीर रूप ले सकती है।

मौसम का सीधा असर बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। शहर के निजी और नागरिक अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों से मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 1600 के आसपास ओपीडी होती है। अब मौसम गर्म-सर्द रहने के चलते बच्चों से संबंधित बीमारियों की ओपीडी ज्यादा होने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार बुखार, जुखाम और वायरल बुखार के मामलों में सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है। बच्चों को होने वाली सर्दी, जुकाम और खांसी की वजह से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। ठंड के मौसम में इम्यून सिस्टम पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। खासकर इन दिनों बच्चों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। जिससे उन्हें वायरल इंफेक्शन होने का जोखिम बढ़ जाता है। बच्चों में अधिकतर सर्दी, जुखाम, गले में खराश, हलका बुखार और फ्लू जैसी बीमारी हो सकती है।

**बच्चों को फर्श पर न चलने दें नंगे पांव**

नागरिक अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. रघबीर पूनिया ने बताया कि इन दिनों समय मौसम बदल रहा है। बच्चों को नंगे पांच फर्श पर न चलने दें। बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान दें। सुबह व शाम गर्म कपड़े पहना कर रखें। गुनगुना पानी पिलाएं। किसी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सक को दिखाएं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी लोगों से अपील की गई है कि वे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। खासकर नवजात बच्चों को ठंड से पूरी तरह सुरक्षित रखने की जरूरत है।

**अस्पताल में ये सुविधाएं उपलब्ध**

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बच्चों के लिए 19 बैड का एसएनसीयू भी है। इसके अलावा आईसीयू की सुविधा भी उपलब्ध है। जिसमें नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल की जाती है। इसके साथ ही छोटे बच्चों को दी जाने वाली दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक है। नई बिल्डिंग के नीचले ब्लॉक में ही छोटे बच्चों की जांच की जाती है। इसके अलावा अगर जरूरत पड़ती है तो बच्चों के लिए स्पेशल वार्ड भी बनाया जा सकता है।

# स्कूल के बाहर से छात्रा का अपहरण कर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना इलाका गांव में स्कूल के बाहर से नाबालिग छात्रा का कार सवार युवकों ने अपहरण कर लिया। जिसके बाद एक युवक ने कार में उसके साथ दुष्कर्म किया। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म तथा दो युवकों के खिलाफ अपहरण करने, सहयोग करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा है। गत दिवस वह स्कूल से निकली तो कार सवार गांव के ही साहिल व उसके दो अन्य साथियों ने जबरन उसे कार में बैठा लिया। जिसके बाद आरोपित उसकी बेटी को कार से सुनसान जगह पर ले गए। जहां पर साहिल ने कार में उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जबकि दो अन्य आरोपित घटना के दौरान पहरेदारी करते रहे। जिसके बाद आरोपित उसे स्कूल के निकट छोड़ कर फरार हो गए। आरोपितों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। घर लौट कर उसकी बेटी ने घटना के बारे में अवगत करवाया।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है,



बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स


# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास


*नई दिल्ली। जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गईं।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।







**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**किआरा** : साल 2025 में किआरा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, किआरा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले में 11 प्रार्थियों को किए जॉब ऑफर लेटर

**जींद।** सहायक रोजगार अधिकारी अनन्या दहिया ने बताया कि मंगलवार को सफीदों उपमंडल रोजगार कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक रोजगार मेले का आयोजन गया। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर करनाल द्वारा वैलनेस एडवाइजर के पदों पर भर्ती की गई। बताया कि इसमें 26 प्रार्थियों ने भाग लिया तथा मौके पर ही 11 प्रार्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान कर दिए गए।

### एसडी स्कूल उचाना मंडी का वार्षिक उत्सव 25 को

**उचाना।** आगामी 25 दिसंबर को स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म महाविद्यालय उचाना मंडी प्रांगण में वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर समाज सेवी दिलबाग संडील पहुंचेंगे। मुख्य वक्ता सहमंत्री हिंदू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र सुरेश पुरी होंगे। विशिष्ट अतिथि कर्ण प्रताप होंगे।

### परीक्षा तनाव से मुक्ति का रास्ता बताया

**जींद।** गांव अहिरका के आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक प्रेरक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली से आए मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य पवन ने विद्यार्थियों को अपने प्रेरणादायक विचारों से लाभान्वित किया। सेमिनार के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव से बचने समय प्रबंधन करने विषय वस्तु का प्रभावी ढंग से ध्यान करने के उपाय बताएं।

### जींदः महिला तथा युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव सुदकैन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 दिसंबर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव अमरगढ़ से भी एक युवती गायब हो गई। परिजनों ने दोनों को तलाशा भी लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### रोटरी क्लब ने जरूरमंदों को बांटे गरम वस्त्र

**नरवाना।** रोटरी क्लब द्वारा मानवता और सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए नेहरा ईंट भट्टे पर रह रहे श्रमिक परिवारों को ठंड से राहत देने हेतु गर्म चादरें वितरित की गई। रोटरी क्लब के प्रधान विकास सिंगला ने बताया कि जिस तरह से सर्दी ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है कोहरा? जबरदस्त हो रहा है। आज रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने नेहरा ईंट भट्टे पर पर काम करने वाले मजदूरों को व बच्चों को गर्म कपड़े व चादरे देने का निर्णय लिया।

### माता वैष्णो देवी दरबार में भंडारे का आयोजन 29 से

**जींद।** श्री मां वैष्णो देवी अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट के तत्वाधान में मां भगवती की कृपा से चार दिवसीय 16वां विशाल भंडारा एवं मां भगवती चौकी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 29 दिसंबर से शुरू होगा जो एक जनवरी 2026 तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न होगा।

### यूएसए ग्रुप ने जूते व जुराबें वितरित किए

**राजौंद।** राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी सिंबल वाली में 200 बच्चों को गांव के यूएसए ग्रुप ने जूते व जुराबे वितरित की इस दौरान गांव के सरपंच रामेश्वर दास ने इस पुनीत कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्य से समाज में अच्छा संदेश जाता है और लोगों में भी इस तरह के कार्य करने का उत्साह बढ़ता है।

### नप के हटाए कर्मी 30 को करेंगे हड़तालः महेंद्र

**कैथल।** नपा कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बलोक कमेटी कैथल की विस्तारित मीटिंग नप कैथल में ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता में संघ के ऑफिस पर हुई संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। मीटिंग में सभी पद अधिकारी व दरोगा उपस्थित हुए। मीटिंग में सभी ने सर्व सहमति से अनंदोलन को तेज करने का फैसला लिया।

## बिजली कर्मियों ने सांकेतिक भूख हड़ताल कर जताया विरोध

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

## तुरंत प्रभाव से ऑनलाइन पालिसी को निरस्त किया जाए

**आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया तो बड़े आंदोलन का ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। निगम कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो :हरिभूमि


कैथल। राजीव गांधी विद्युत सदन में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को यूनिट जींद की सभी सब यूनिटों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सांकेतिक भूख हड़ताल रखी। बाद में यूनियन कार्यकर्ताओं ने हरियाणा सरकार को संबोधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में सब यूनिट नंबर 1, 2 सिटी, जुलाना, नगूरां, कंस्ट्रक्शन स्टोर कर्मी शामिल रहे। सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मियों को संबोधित करते राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि सरकार बिजली निगम में ऑनलाइन पॉलिसी को लागू करने का काम सरकार कर रही है। इसके साथ ही विभाग का निगमीकरण करने का प्रयास भी किया जा रहा है। पूरे देश में पावर बिल 2025 का विरोध किया जा रहा है। वहीं ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में लगातार रोष प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श ऑनलाइन पॉलिसी पर कर्मचारियों की आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले समय में यूनियन व संगठन और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगी। अगर यह ऑनलाइन पॉलिसी लागू होती है तो फाल्ट और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी। जिसकी कीमत कर्मियों को जान देकर चुकानी पड़ेगी। संगठन सरकार से अपील करेगा कि तुरंत प्रभाव से आदर्श ऑनलाइन पालिसी को निरस्त किया जाए। क्योंकि बिजली निगम तकनीकी विभाग है। जिसको समझने में कर्मचारियों को बहुत लंबे अनुभव की जरूरत होती है। सभी कर्मचारियों ने एक आवाज में कहा की कर्मियों द्वारा ऑनलाइन पालिसी को किसी भी कीमत पर सहन नही करने की बात कही।

### सरकारी विरोधी नारे लगाए

**कैथल।** मांगों को लेकर कैथल जिले में बिजली कर्मचारी सरकार के विरोध में उतर आए हैं। कर्मचारियों द्वारा यह विरोध ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर किया जा रहा है। कर्मचारियों ने मंगलवार को दो घंटे से ज्यादा समय तक हड़ताल कर विद्युत सदन प्रांगण में सरकारी विरोधी नारे लगाए। कर्मचारियों ने मांग की, कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द किया जाए। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के प्रधान जितेंद्र कुमार, गुहला प्रधान अनिल कुमार व राज्य प्रधान इकबाल चन्दाना ने बताया कि आज जिले के सैकड़ों कर्मचारियों ने विद्युत सदन में इकट्ठे होकर यह हड़ताल की है। उन्होंने भविष्य में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तकनीकी कर्मचारियों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में बताया। कर्मचारियों ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में ऐसे कर्मचारियों को फील्ड में लगाया जा रहा है, जिनको फील्ड का इतना ज्ञान नहीं है। सीटों पर बैठकर कागजी कार्य करने वाले कर्मचारियों को अगर तकनीकी कार्यों में लगाया जाएगा, तो इससे बिजली के कारण होने वाले हादसे बढ़ेंगे। पूरी तरह से प्रशिक्षित न होने के कारण कर्मचारियों की जान का भी खतरा है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी देते कहा कि अगर आज कैथल के कर्मचारियों ने केवल दो घंटे तक हड़ताल की है, लेकिन अगर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द नहीं किया गया, तो इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा। कर्मचारी इसके विरोध में आन्दोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धापूर्वक किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखेड़ा में मंगलवार को श्रद्धेय स्वामी श्रद्धानंद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का अयोजन किया। कार्यक्रम में गुरूकुल प्रबंधन, अध्यापकों एवं स्टाफ ने स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धापूर्वक नमन किया। प्रधानाचार्य ज्योति ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का जीवन अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ते मानवीय संघर्ष का उदाहरण है। स्वामी दयानंद के सान्निध्य में उनका जीवन समाज सुधार और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित हो गया।



गुरूकुल में छात्राओं को स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान से अवगत करवाते अध्यापिकाएं।

### राष्ट्र के निर्माण के लिए किया प्रेरित

उन्होंने गुरुकुल शिक्षा, स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, ब्रह्मचर्य, शुद्धि आंदोलन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए। स्वामी श्रद्धानंद ने उन हिंदुओं के पुनर्वास का शुद्धि आंदोलन चलाया जो विभिन्न मतों में चले गए थे। इससे विचलित होकर 23 दिसंबर 1926 को अब्दुल रशीद ने दिल्ली में उनकी हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि शुद्धि आंदोलन को आगे बढ़ाना ही स्वामी श्रद्धानंद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वामी श्रद्धानंद ने अनेकों गुरुकुलों का शुभारंभ किया, भारत के सोए हुए जनमानस को ज्ञान और विज्ञान से जागृत कर, तप, त्याग, पुरुषार्थ, परोपकार से समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित किया। अध्यापिका पूजा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने 1902 में हरिद्वार के पास कांगड़ी में गुरुकुल की स्थापना की। जो अब गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। समाज सुधार, छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई।


पूंडरी। बातचीत करते शशि मैहला, नरेश सचिव व सुमित खेड़ी-सिकंदर।

### कबड्डी प्रतियोगिता की सफलता जताया आभार

**पूंडरी।** गुरु ब्रह्मानंद खेल कबड्डी क्लब पूंडरी की ओर से आयोजित ओपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का देर रात फाइनल मुकाबले के साथ भव्य और यादगार समापन हुआ। इस प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि पूंडरी क्षेत्र में खेलों के प्रति जबरदस्त जागरूकता और उत्साह भी पैदा किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर क्लब सदस्यों शशि मैहला, नरेश सचिव, सुमित खेड़ी-सिकंदर और सरपंच राजेश मुन्नारेहड़ी ने सभी सहयोगियों, खिलाडियों, अतिथियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। क्लब सदस्यों ने कहा कि इस तरह की ओपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिताएं वे पिछले कई वर्षों से निरंतर आयोजित करते आ रहे हैं, लेकिन इस बार पूंडरी में जो अपार उत्साह, भीड़ और खेल प्रेम देखने को मिला, वह अपने आप में ऐतिहासिक रहा। फाइनल मुकाबले से लेकर पूरे टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों का जोश, तालियों की गूंज और खिलाड़्यों के प्रति समर्थन यह दर्शाता है कि पूंडरी की जनता खेलों को दिल से अपनाती है।

### अवैध खनन को लेकर पर्यावरण स्वास्थ्य सुरक्षा पर उठाए सवाल

**कैथल।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सोमवार को पारित 'हरियाणा जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) बिल, 2025' पर कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने इस बिल की कड़ी आलोचना की। सुरजेवाला ने सदन में अपने अभिभाषण में बिल को /"जन विश्वासघात/" करार देते हुए कहा कि कारोबार आसान करने के नाम पर पर्यावरण और जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। आदित्य सुरजेवाला ने विशेष रूप से दो संशोधनों पर आपत्ति जताई। कहा कि स्टोन क्रशर कानून में संशोधन : बिल की शेड्यूल 25 में हरियाणा रेगुलेशन एंड कंट्रोल ऑफ क्रशर्स एक्ट, 1991 की धारा 12 में संशोधन प्रस्तावित है, जिससे अवैध स्टोन क्रशिंग के लिए जेल की सजा हटाकर केवल 2-4 लाख रुपये का जुर्माना रह जाएगा। सुरजेवाला ने इसे /"अवैध स्टोन क्रशर माफिया को ग्रीन सिग्नल/" बताया।

### रामफल ने मंदिर निर्माण में दिया एक लाख का सहयोग

**राजौंद।** गांव जखौली में सेठ धन्ना भगत जी के निर्माणाधीन मंदिर के लिए चहल कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर रामफल कोटड़ा की ओर से मंदिर निर्माण में सहयोग करते हुए। उन्होंने एक लाख एक हजार रुपए की नकद राशि देकर सहयोग किया। इस दौरान सेठ धन्ना भगत मंदिर कमेटी द्वारा इस सहयोग के लिए रामफल चहल का धन्यवाद व्यक्त किया गया। कमेटी सदस्यों ने कहा कि मंदिर निर्माण में पहले भी इनका काफी सहयोग मिला है और एक बार फिर उन्होंने सहयोग करके मंदिर निर्माण कार्य को प्रगति देने का काम किया है। इस दौरान रामफल चहल ने कहा की गांव जाखौली में सेठ धन्ना भगत के निर्माणाधीन मंदिर का निरीक्षण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि उनके इलाके में यह पहला मंदिर बन रहा है। उन्होंने प्रभु से प्रार्थना कि आने वाले समय में लोगों के लिए यह मंदिर आस्था,सेवा और संस्कारों का केंद्र बने।


सेठ धन्ना भगत मंदिर के निर्माण हेतु राशि देते मनोज कोटडा तथा कमेटी सदस्य।


जुलाना। रैन बसेरा का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### रैन बसेरे में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के हांसी रोड पर स्थित रैन बसेरे का मंगलवार को जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नपा के सचिव सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम ने रैन बसेरे में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम को देखते यहां ठहरने वाले लोगों और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि ठंड लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रैन बसेरे की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में बेघर लोगों और यात्रियों के ठहरने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। कहा कि अगर किसी कारणवश बाहर निकलना जरूरी होए तो लोग ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम करें। नगर पालिका प्रशासन द्वारा रैन बसेरे में कुल 20 बेड लगाए गए हैं।

### प्रदर्शनी के विजेताओं को सम्मानित किया

**जींद।** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट में किया गया। जिसमें जिले के सभी खंडों से विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी रीतू पंघाल ने किया। डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने भी इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शिरकत की। इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विजेंद्र सिंह बीईओ अलेवा, दिलबाग ढांडा प्राचार्य तथा रणबीर ढिल्लो एपीसी समग्र शिक्षा के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे विशेष अध्यापकों पवन कुमार, सुरजीत सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश कुमार, मनीषा राठी, राजेश कुमारी, सुनीता कुमारी एवं अंजना का सराहनीय योगदान रहा।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद मुख्यअतिथि। फोटो :हरिभूमि

### यौगिक खेती अपनाने का आह्वान किया

**नरवाना।** किसान दिवस के उपलक्ष्य में पीएनबी किसान प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेडा एवं ब्रह्मा कुमारीज नरवाना ने संयुक्त रूप से सच्चा खेडा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में किसान मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं ब्रह्माकुमारीज नरवाना सेवा केंद्र प्रभारी बीके सीमा दीदी एवं अन्य अतिथिगण द्वारा रिबन काटकर एवं पौधारोपण करके की किया । कार्यक्रम अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर हितेश कालड़ा ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया। बीके पूजा ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में बीके सीमा बीके मीना एवं पशुपालन विभाग के सेवा निवृत संयुक्त निदेशक डॉ साधुराम शर्मा ने गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ब्रह्माकुमारीज द्वारा की यौगिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कृषि विशेषज्ञ बलजीत लाठर ; कृषि विभागए हरियाणाद्ध एवं जगतार सिंह द्वारा जैविक खेती की तकनीकोंए कम लागत में उत्पादनए जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभों बारे बताया। हितेश कालरा ने बताया कि आज किसान दिवस का आयोजन किया है सच्चा खेड़ा में जिसमें हमारा उद्धेश्य किसानों को जैविक खेती के बारे में बताना है।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करें

**जींद।** अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने बाढ़ और जलभराव की समस्या के प्रभावी समाधान के लिए प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्री रिव्यू बैठक आयोजित कर बाढ़ नियंत्रण एजेंडा की समीक्षा की। बैठक के बाद उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने स्थानीय लघु सचिवालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कहा कि इस प्री रिव्यू बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी बाढ़ संभावित और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करना और वहां उपयुक्त रोकथाम कार्यों की योजना बनाना है ताकि भविष्य में जलभराव की समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन जलभराव की रोकथाम और अत्यधिक वर्षा की स्थिति में त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ : सिंह

## आधारशिला विद्यालय में किसान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

आधारशिला स्कूल में किसान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। ये दिन पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिन किसानों के योगदान, संघर्ष और कृषि क्षेत्र के महत्व को सम्मान देने के साथ-साथ किसानों के कल्याण व जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से किसानों के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इनमें भाषण, गीत, कविता, स्कीट एवं नृत्य आदि रहे। नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने सभी को भाव विभोर कर दिया। इसमें उन्होंने किसान जीवन की पीडा का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने अपने वक्तव्य में बताया कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है और बिना किसानों के इसकी कल्पना भी असंभव है। हम सब का कर्तव्य है कि किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक भलाई के लिए उन्हें जागरूक करें। उन्हें नई तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं के विषय में शिक्षित करें। भविष्य में आने वाली चुनौतियों के विषय में अवगत करवाएं। उन्होंने सभी बच्चों एवं अध्यापकों को शुभकामनाएं दी।


जींद। मांगों को लेकर रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

### एनएसयूआई ने जताया विरोध

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि परिसर में अनावश्यक रूप से की बैरिकेडिंग को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्रार से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विवि परिसर में अनावश्यक बैरिकेडिंग से हो रही असुविधा से अवगत करवाया और इसे हटाने की मांग की। एनएसयूआई विवि अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने कहा कि विवि को डर और रोक-टोक का केंद्र बनाने के बजाय शिक्षा और संवाद का केंद्र होना चाहिए। विवि प्रशासन द्वारा जगह-जगह लगाई गई बैरिकेडिंग से छात्रों की आवाजाही बाधित हो रही है। जिससे पढ़ाई, परीक्षाओं एवं दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यह कदम छात्रहित के बिल्कुल विपरीत है और प्रशासन के तानाशाही रवैये को दर्शाता है।

## तालाब की पगडंडी, लाइटें, घाट, ब्लॉक का होगा निर्माण

# नगूरां में तालाब सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 97 लाख

**तैयार होते ही ग्रामीणों को स्वच्छ और अनुकूल वातावरण मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा


नगूरां गांव में तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर तालाब की खुदाई करती मशीन।

हरियाणा राज्य तालाब प्राधिकरण एवं सिंचाई विभाग द्वारा नगूरां गांव में तालाब का सौंदर्यीकरण करना शुरू कर दिया है। इसकेसौंदर्यीकरण पर करीब 97 लाख रुपये खर्च होगें। सिंचाई विभाग के जेई पवन कुमार ने बताया कि निर्माण मंडल जींद के एक्सईएन अजय सिंह कुंडू के दिशा-निर्देशानुसार विभाग ने नगूरां गांव में 97 लाख रुपये की लागत से तालाब के सौंदर्यीकरण पर काम शुरू कर दिया है। इसमें तालाब की पगडंडी के अलावा लाइटें, घाट, ब्लॉक लगाना तथा खुदाई जैसे कार्य होगें। इसके तैयार होते ही ग्रामीणों को स्वच्छ और अनुकूल वातावरण मिल सकेगा। गांवों में गंदे पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण निकलने वाला पानी आसपास के तालाबों में भर जाता है। इससे गांव की सुंदरता को ग्रहण तो लग ही रहा है, साथ ही वातावरण भी प्रदूषित होता है। इस प्रोजेक्ट से वातावरण तो साफ होगा ही साथ ही पशुओं को नहाने और पीने के लिए पानी मिल सकेगा। तालाब की दशा सुधरने से सबसे अधिक फायदा भू.जल स्तर को सुधारना है। साथ ही वातावरण में फैली गंदगी भी इससे साफ होगी। गांव के पशुओं को पीने के लिए साफ सुथरा पानी मिल सकेगा। तालाब के पानी से शाम सुबह को वातावरण ठंडा भी रहता है। हरियाणा राज्य तालाब प्राधिकरण एवं सिंचाई विभाग द्वारा तालाब की स्थिति को सुधारने के लिए कार्य शुरू किया गया है। तालाब की साफ सफाई होने से जल संरक्षण को बढावा तो मिलेगा ही साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा।

### सिंचाई विभाग ने किया काम शुरू : कुलदीप

नगूरां गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि सिंचाई विभाग ने तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर खुदाई का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए पंचायत की तरफ से पूरा सहयोग कि या जा रहा है। तालाब के सौंदर्यीकरण से जल संरक्षण को बढावा तो मिलेगा ही साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा। तालाब पर लाइट से लेकर पगडंडी समेत अनेक काम होगें। इससे साथ लगती कालोनी में सौंदर्य देखने को मिलेगा।


कैथल। शिविर में जांच करवाते पूर्व सैनिक। फोटो :हरिभूमि

### कैंप में 35 केस का किया समाधान

**कैथल।** सब एरिया हेड क्वार्टर चण्डीगढ़ मंदिर के अन्तर्गत वेटरेनस सहायता केंद्र अंबाला कैंट की टीम कैप्टन रामकुमार के नेतृत्व में पूर्व सैनिक परिवारों, शहीद परिवारो, वीर नारियों यानि सैनिक विधवाओं की स्पर्श पेंशन में हो रही त्रुटियां और रिकार्ड में कमियो को दूर करने के लिए ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल के प्रांगण में कैंप का आयोजन किया। इस में 35 केस का समाधान किया । मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि जनवरी के दूसरे शुक्रवार 9 जनवरी को यहीं पर ये कैंप लगेगा और 15 जनवरी को प्रातः 9:30 बजे हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल के प्रांगण में भारतीय सेना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें देशभक्ति गीतों के साथ, शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और सेना दिवस पर वृद्ध पूर्व सैनिकों एवं वृद्ध सैनिकों की वीर नारियां यानी सैनिकों की विधवाएं जो 80 वर्ष की आयु पार कर चुकी है और एसो के सदस्य हैं उनको और डॉक्टर रमनदीप, रमन अस्पताल कैथल को सैनिको के प्रति सेवा भाव को मध्य नजर रखते एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्तः दिलबाग



**सीवन।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलबाग सिंह पटवारी ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश की जनता आज भाजपा की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन भाजपा सरकार केवल झूठे प्रचार और खोखले वादों में ही व्यस्त है। दिलबाग सिंह पटवारी ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले जनता से जो बड़े-बड़े वादे किए थे, वे सभी आज जुमले साबित हो चुके हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा दिखावा है।

### पल्लवी ने बोर्ड की परीक्षा में लहराया परचम



प्राचार्या ममता शर्मा

**जींद।** हसनपुर आरोही मॉडल स्कूल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी पत्र के अनुसार मार्च 2024 में आयोजित सैकेंडरी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर राजकीय विद्यालयों में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्राचार्या ममता शर्मा ने बताया कि हसनपुर आरोही मॉडल स्कूल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12 दिसंबर को जारी पत्र के अनुसार सेकेंडरी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर राजकीय विद्यालयों में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### राइस मिलों के प्रदूषण से एक दर्जन ग्रामीण बीमारी की चपेट में

# खुशहाल माजरा नहीं रहा खुशहाल जहरीली हवा से लोग परेशान

**स्वास्थ्य विभाग की जांच में 10 में से 9 जल के नमूने फेल**





**गुहला-चीका।** गांव खुशहाल माजरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों से बातचीत करते हुए तथा गांव खुशहाल माजरा में दूषित पेयजल की जांच करते अधिकारी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

गुहला चीका क्षेत्र के खुशहाल माजरा गांव में राइस मिलों से फैल रहा प्रदूषण अब जानलेवा रूप ले चुका है। गांव में लगातार बढ़ रही गंभीर बीमारियों की शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर जांच की। जांच के दौरान टीबी, पीलिया, त्वचा रोग और से पीड़ित मरीज सामने आए। वहीं, पेयजल की जांच के लिए लिए गए 10 जल नमूनों में से 9 नमूने प्राथमिक जांच में फेल पाए गए, जिससे गांव में गंभीर स्वास्थ्य संकट की पुष्टि हुई है।

#### बीमारियों ने घेरा

स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम ने गांव के प्रत्येक मोहल्ले में पहुंचकर लोगों की जांच की। कई ऐसे परिवार मिले, जिनके एक से अधिक सदस्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से बच्चों में कमजोरी, सांस संबंधी रोग, पेट की बीमारियां और त्वचा रोग बढ़ रहे हैं।

#### राइस मिलर्स कर रहे गांव का विनाशः सरपंच

गांव की सरपंच सर्वजीत कौर ने कहा कि राइस मिलें गांव के लिए विकास नहीं, बल्कि विनाश बन चुकी हैं। उन्होंने कहा, अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो खुशहाल माजरा एक त्रासदी का गांव बन जाएगा। लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और प्रशासन को तुरंत कदम उठाने चाहिए।"

#### राइस मिलों से घिरा गांव, घुल रहा गंदा पानी

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के चारों ओर स्थित राइस मिलों से निकलने वाला गंदा पानी जमीन में छोड़ा जा रहा है, जिससे भूजल पूरी तरह दूषित हो चुका है। इसके अलावा राइस मिलों से निकलने वाला धुआं और धान की भूसी की धूल हवा में फैलकर लोगों की सांसों में जहर घोल रही है।

#### प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल

इस पूरे मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना के अधिकार के तहत जिला नगर योजनाकार ने बताया कि गुहला-चीका क्षेत्र में केवल 12 राइस मिलों के पास ही भूमि उपयोग परिवर्तन की अनुमति (सीएलयू) है। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राइस मिलों को संचालन की सहमति प्रदान कर रखी है। इससे यह सवाल उठता है कि बिना सीएलयू के राइस मिलों को संचालन की अनुमति कैसे दी गई।

#### गंदा पानी और दूषित हवा से बढ़ी बीमारी

स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल अधिकारी डॉ. अमन बंसल ने कहा कि प्रारंभिक जांच में हालात बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने बताया, "गांव में घर-घर जाकर जांच की गई, जिसमें टीबी, पीलिया, बच्चों में बीमारियां के मरीज मिले हैं। लिए गए जल नमूनों में से अधिकांश फेल पाए गए हैं। शुरुआती जांच से स्पष्ट है कि दूषित पानी और प्रदूषित हवा इन बीमारियों का बड़ा कारण हैं। गांव के चारों ओर राइस मिलें हैं और आशंका है कि उनका गंदा पानी जमीन में छोड़ा जा रहा है।

#### ग्रामीणों में डर और आक्रोश

गांव के हालात ऐसे हो चुके हैं कि लोग अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कई परिवार गांव छोड़ने पर मजबूर होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

#### प्रशासन के सामने बड़े सवाल

- क्या बिना भूमि उपयोग परिवर्तन अनुमति चल रही राइस मिलों पर कार्रवाई होगी?
- क्या दूषित पानी और हवा से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिलेगी? या फिर खुशहाल माजरा का यह संकट फाइलों में ही दबकर रह जाएगा?

# सुशील कुमार बने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड रुहल खाप के प्रदेशाध्यक्ष

- रुहल खाप के लोगों ने सामाजिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर किया विचार-विमर्श
- समाज में आपसी भाईचारा, एकता, समरसता को किया जाएगा मजबूत



**कैथल।** रुहल खाप के प्रदेशाध्यक्ष सुशील कुमार व अन्य पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राष्ट्रीय रुहल खाप वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी एवं कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल सीज़न कैथल में राष्ट्रीय रुहल खाप के प्रधान जय भगवान रुहल की अध्यक्षता में हुई। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई, जिसमें समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में आजीवन चेयरमैन बलजीत सिंह रुहल (भिवानी रोहिला), महासचिव सुरेश रुहल (दहकोरा), कोषाध्यक्ष कृष्ण रुहल (कागदाना), संरक्षक अतर सिंह रुहल (रोहद), वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आनंद रुहल (राजस्थान), उपाध्यक्ष सुशील रुहल (उत्तर प्रदेश), बादाम रुहल (रोहद), सूर्यकांत रुहल (जट्टीपुर), अमित रुहल (खंडवा), प्रवक्ता सुरेश रुहल (मच्छरौली), सचिव दिलबाग रुहल (लाडोत), रमेश रुहल (दिल्लोंवाली) सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज में आपसी भाईचारा, एकता, समरसता एवं परंपरागत मूल्यों को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। संगठन को सशक्त बनाने के लिए अनेक सुझाव रखे गए, जिन पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। बैठक में अहम निर्णय लेते हुए राजस्थान में रुहल खाप की प्रधानी डॉ. आनंद रुहल के नेतृत्व में तय की गई, जबकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की रुहल सरदारी व प्रधानी सर्वसम्मति से भाई सुशील कुमार को सौंपी गई।

# मैराइबा लुवांग ने बैडमिंटन में बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज कप का स्वर्ण पदक जीता

- प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



मैराइबा लुवांग

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के प्रतिभाशाली छात्र मैराइबा लुवांग मैसनम ने बैडमिंटन खेल में आयोजित बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां मैराइबा ने अपनी तकनीक, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह बड़ी सफलता हासिल की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन संदीप चहल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की खेल-प्रोत्साहन नीति और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेटिव इंचार्ज डॉ. देवेंद्र ढुल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और सकारात्मक वातावरण देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यह उपलब्धि न केवल एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र और राज्य के लिए भी गौरव का विषय है। वहीं स्वर्ण पदक विजेता छात्र मैराइबा लुवांग मैसनम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार तथा एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय से मिले निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन को दिया। मीनू राणा (बैडमिंटन कोच) और हरिंदर मलिक (बैडमिंटन कोच) ने संयुक्त रूप में कहा कि बैडमिंटन जैसे प्रतिस्पर्धी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीतना पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है।

# बिजली कर्मचारियों ने तीन घंटे धरना देकर जताया रोष

- ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** कलायत में प्रदर्शन करते बिजली निगम कर्मी। फोटो :हरिभूमि

आल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट कलायत द्वारा राज्य कार्यकारिणी के आहवाहन पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में 3 घंटे धरना दिया गया। सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान बिजली निगम एसडीओ के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है। धरने की अध्यक्षता संगठन ब्लॉक सचिव नरेश कुमार ने की। जबकि मंच संचालन की कमान सब यूनिट सचिव अनिल कुमार के हाथ रही। इसमें यूनिट उपप्रधान सुमित सहारण, सब यूनिट उपप्रधान विनोद कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान भीम सिंह, सब यूनिट कैशियर सतीश कुमार, संगठनकर्ता जितेन्द्र ढ्ढूषसह, बलजिंद्र सिंह, सुमन, सुलेंदर पूरी, तरसेम, राममेहर, कुलदीप, शीशपाल, महावीर,ओमप्रकाश, नरेंद्र, बलराज बालू, जगरूप बालू, रजत यादव, जगदीप सिंह, विकास बनवाला और अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# कार्यकारी अभियंता से मिला हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ

- कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक करते यूनियन नेता।

हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ का शिष्टमंडल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता से उनके निमंत्रण पर उनके कार्यालय में मिला। लगभग दो घंटे चली बैठक में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर गंभीरता से हर बिंदु पर चर्चा की गई। इसके बाद शिष्टमंडल ने प्रस्तावित धरने को स्थगित कर दिया। जानकारी देते हुए संघ के प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि बड़े ही सकारात्मक वातावरण में कर्मचारियों की मांगों समस्याओं को लेकर कार्यकारी अभियंता के साथ दो घंटे तक बैठक चली। इसमें हर बिंदु पर चर्चा की गई। आज की बैठक में प्रमुख रूप से कच्चे कर्मचारियों का वेतन का भुगतान करना का मुद्दा उठाया गया। इस पर कार्यकारी अभियंता ने कहा आवश्यक प्रक्रिया जारी है। अतिशीघ्र वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। कौशल रोजगार निगम के तहत कर्मचारियों व नियमित कर्मचारियों की डांगरी, रेनकोट, शूज, वर्किंग किट जो अगस्त 2024 से बकाया है, उसका भुगतान किया जाए। शिष्टमंडल को अवगत कराया और अधीनस्थ कर्मचारियों को अति शीघ्र आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के निर्देश दिए।

# बच्चों के समग्र विकास के लिए संतुलित आहार आवश्यक : सुमन

- बच्चों के समग्र विकास के लिए संतुलित आहार, स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, साफ सफाई अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कार्यक्रम में शपथ लेती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को रविदास धर्मशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता बढ़ाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पोषण एवं प्रारंभिक बाल शिक्षा विषय पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा क मार्गदर्शन और जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला के दिशा निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ सुमन द्वारा की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास के लिए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, साफ.-सफाई एवं खेल.खेल के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन सभी उपायों को प्रभावी ढंग से लागू कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं बौद्धिक विकास को सुदृढ़ किया जा सकता है।

# सर्दी से बचने के लिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे जर्सी और जूते

- संसार में परोपकार ही वह गुण है जिससे मनुष्य के जीवन में सच्चे सुख की होती है अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



**उचाना।** मंगलपुर स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे गए जूते।

संसार में परोपकार ही वह गुण है जिससे मनुष्य के जीवन में सच्चे सुख की अनुभूति होती है। इसी भावना को साकार करते हुए निस्वार्थ सेवा समिति नरवाना के अध्यक्ष संदीप शर्मा हरियाणवी कलाकार द्वारा मंगलपुर गांव के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को सर्दी से बचने के लिए जूते वितरित किया। अध्यापक मेहर सिंह ने बताया कि संदीप समय समय पर समाज के हित के लिए कार्य करते रहते हैं चाहे वो अपने गीतों के माध्यम से समाज में संस्कृति को बचाने का संदेश हो या नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत अपनी टीम के साथ समय समय पर विद्यालयों में जाकर समाज के हित में कार्य करते रहते हैं। अपनी टीम के साथी दक्ष कौशिक के विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। संदीप शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा अभाव के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे।





**नरवाना।** उपचार करवाते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

### आदित्य नि:शुल्क मोबाइल अस्पताल वैन आज नरवाना विधानसभा के गांव बेलरखा में पहुंची

**नरवाना।** कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई आदित्य निशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन आज नरवाना विधानसभा के गांव बेलरखा में पहुंची। इस चलते.फिरते अस्पताल में ग्रामवासियों को पूरी तरह नि:शुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। नरवाना क्षेत्र में इस निरूशुल्क आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पताल वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। इस वैन के साथ जयराम अस्पताल नरवाना के विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत घनघस एमबीबीएसए मनदीप व्ज ए ज्योति ।छड ए करीना की टीम भी इलाके में अपनी सेवाएं दे रही हैं। जो मौके पर ही रोगियों का मैडिकल चेकअप करके दवाइयां द्वारा इलाज कर रही हैं। सुबह से ही गांव बेलरखा की रामदासिया चौपाल में लोगों की भीड़ देखी गई।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अपने आप में एक संस्था थे : सतपाल ब्रह्मचारी

- जाट धमार्थ सभा के प्लाट की चाहरदीवारी निकालने के लिए सांसद ने 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी। फोटो :हरिभूमि

जाट धर्मशाला में मंगलवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 124वीं जयंती मनाई गई। इसमें मुख्यअतिथि सोनीपत लोकसभा से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी उपस्थित हुए। जबकि अध्यक्षता जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान फूल कुमार मोर ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रिषिपाल सिहाग व युवा नेता दीपक पिंडारा, सतरोल खाप के प्रधान संदीप खर्ब रहे। कार्यक्रम सभा के कार्यकारिणी सदस्य व समाज के लोगों ने हवन यज्ञ में आहूति दी और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने जाट धर्मार्थ सभा की सीआरएसयू के पास प्लाट की चाहरदीवारी निकालने के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की और कहा कि चाहरदीवारी पर अगर ज्यादा राशि की जरूरत होगी तो वह अपने सांसद कोटे से देने का काम करेंगे।



**जींद।** आर्थिक सहायता देते हुए एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

### दिवंगत पुलिस कर्मचारियों के परिजनों को दिए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद

**जींद।** पुलिस ने अपने 13 दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों का मंगलवार को सम्मान किया। इन सभी परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि जिन 13 कर्मचारियों के परिजनों की आर्थिक मदद की है, उन्होंने अपने कर्तव्यपथ पर अपने जीवन का अमूल्य योगदान दिया है। इन कर्मचारियों के परिजनों की सहायता करने के लिए यह राशि दी गई है ताकि उनकी कुछ मदद हो सके। एसपी ने दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका कुशल क्षेम जाना। उनकी पीड़ा को समझा और उन्हें भरोसा दिलाया कि जींद पुलिस केवल एक विभाग नही बल्कि एक परिवार है। हमारे किसी भी सदस्य या परिवार पर कोई कठिन समय आता है तो जींद पुलिस पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि परिजन को किसी प्रकार की पारिवारिक, सामाजिक या प्रशासनिक समस्या आती है तो वह निसंकोच पुलिस प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

### डिस्ट्रिक स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

# लिंगानुपात सुधार को लेकर सख्ती, अवैध गर्भपात पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन। फोटो :हरिभूमि

जींद जिले के लिंगानुपात में सुधार को लेकर जिला प्रशासन काफी सख्त नजर आ रहा है। मंगलवार को जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशन तथा सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में डिस्ट्रिक्ट स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच, निरीक्षण तथा पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से बातचीत की गई। बैठक में सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सम्बंधित विभागों को आवश्यक सहयोग के लिए कहा। स्वास्थ्य सेवाओं के मूलभूत ढांचे को मजबूत कर आमजन तक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है।

#### नियमित आयोजित हो रही बैठकें

डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम के अनुसार पीएनडीटी की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य पीएनडीटी और एमटीपी अधिनियम के क्रियान्वयन, जिले में लिंगानुपात की स्थिति, इसके सुधार के लिए उठाए गए कदमों तथा भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना होता है।

#### तीन साल की सजा और 10 हजार जुर्माने का प्रावधान

डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि यदि किसी भी स्थान पर लिंग जांच का मामला सामने आता है तो अधिनियम के तहत तीन वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। गर्भवती महिलाओं का पूरा रिकॉर्ड ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध रहता है। यदि कहीं भी लिंग जांच या अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दी जानी चाहिए।

#### तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया लिंगानुपात

बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन डॉण् पालेराम ने बताया कि जिले में लिंगानुपात के आधार पर गांवों को ग्रीन, येलो और रेड जोन में वर्गीकृत किया गया है। ग्रीन जोन में 900 से ऊपर, येलो जोन में 850 से 900 और रेड जोन में 850 से नीचे लिंगानुपात वाले गांव आते हैं। जिले के कुल 304 गांवों में से 109 गांव रेड जोन, 30 येलो जोन और 165 गांव ग्रीन जोन में चिन्हित किए गए हैं। डिप्टी सिविल सर्जन पालेराम कटारिया ने बताया कि जिले में लिंगानुपात सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम 1994 एक महत्वपूर्ण कानून है, जिसका उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान लिंग जांच और लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकना है।

#### लिंग जांच कराने वालों पर कड़ी नजर

बैठक में पुलिस विभाग से अपील की गई कि अवैध गर्भपात और लिंग जांच कराने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध रूप से गर्भपात जैसी गतिविधियां न हो। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला, ड्रग कंट्रोल ऑफिसर गीता, रूबी शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।